# कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

## -कार्यालय ज्ञाप-

पत्र सं0 811/शैक्षिक/2026 दिनांकः सितम्बर 11, 2026

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026-27 में समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सत्र की प्रथम मिड सेमेस्टर परीक्षा दिनांक 21.09.2026 से 26.09.2026** तक आयोजित किया जाना निर्धारित है।

उक्त के क्रम में ऐसे छात्र-छात्राएँ, जो किसी विषय में अनुत्तीर्ण (Failed) हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे मिड सेमेस्टर इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु **दिनांक 11.09.2026 से 15.09.2026 तक** विश्वविद्यालय के ERP पोर्टल (https://erp.hbtu.ac.in/Newslogin.aspx) के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरना सुनिश्चित करें।

मिड सेमेस्टर इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा हेतु ₹1,000/- (रुपये एक हजार मात्र) प्रति विषय परीक्षा शुल्क निर्धारित है। सम्बन्धित छात्र-छात्राएँ निर्धारित अवधि के भीतर परीक्षा शुल्क जमा करते हुए परीक्षा फॉर्म पूर्ण रूप से भरना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को छात्रावासो के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को सूचनर्थ प्रेषित।
4. वित्त नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को सूचनर्थ प्रेषित।
5. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/ प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।

V Dixit 11/09/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप